>

Title :Need for construction of a bridge on river Saryu at Bidhar Ghat, and proper repair and maintenance of Bidhar-Ghanghata-Khalilabad-Karmaini road in Uttar Pradesh under Central Road Fund Scheme. − Laid.

श्री भालचन्द्र यादव (खलीलाबाद) : महोदय मेरे संसदीय क्षेत्र खलीलाबाद जनपद सन्त कबीर नगर, उ0प्र0 का विड़हरघाट-घनघटा-खलीलाबाद-मेंहदावल-करमैनी मार्ग जनपद संत कबीर नगर की सीमा के एक किनारे से प्रारंभ होकर दूसरे किनारे तक लगभग 60 कि0मी0 लम्बा है। इस मुख्य मार्ग में घनघटा में श्री राम जानकी मार्ग तथा खलीलाबाद में राट्रीय राजमार्ग संख्या (लखनऊ-गोरखपुर मार्ग) मिलता है। इस मार्ग पर तहसील मुख्यालय घनघटा, बाबा तामेश्वरनाथ धाम, तहसील मुख्यालय खलीलाबाद, जनपद मुख्यालय सन्तकबीर नगर, संत कबीरदास की निर्वाण स्थली मगहर, गौतमबुद्ध का पौराणिक स्थान कोपिया, अनुपिया, तहसील मुख्यालय मेंहदावल तथा वखिरा पक्षी उद्यान-वखिरा आदि स्थित है। सरकार द्वारा विड़हर घाट पर सरयू नदी पर एक पुल बनाने की मंजूरी प्रदान की जाये। इस प्रकार से विड़हर-खलीलाबाद-मेंहदावल-करमैनी मार्ग दक्षिण में अंबेडकर नगर, आजमगढ़, अयोध्या, फैजाबाद, बनारस तथा इलाहाबाद से सीधा जुड़ जायेगा। संत कबीर नगर जनपद के इस मुख्य मार्ग से देश के अन्य क्षेत्रों के लिए हजारों वाहनों का प्रतिदिन आवागमन होता रहता है। सन 1998 की भीाण बाढ़ में यह मार्ग जगह-जगह पर टूट गया था।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखकर सरयू नदी के विड़हर घाट पर एक पुल बनाने तथा विड़हर-घनघटा-खलीलाबाद-मेंहदावल-करमैनी मार्ग दूरी लगभग 60 कि0मी0 का निर्माण केन्द्रीय मार्ग निर्माण निधि योजना अन्तर्गत कराने की व्यवस्था करायें।